संक्षिप्त

कन्टेनर से अंग्रेजी शराब जब्त

डूंगरपुर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही के तहत बिछीवाडा पुलिस ने बुधवार को अंग्रेजी शराब व बीयर से भरे एक ट्रक को पकडने में सफलता प्राप्त की। पकडी गई शराब की कीमत वाहन सहित पुलिस द्वारा 20 लाख रूपया बताई गई है। थाना प्रभारी कैलाश सोनी ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मिलने पर उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ मय जाप्ते ने रतनपुर चेकपोस्ट पर उदयपुर से आ रहे एक कन्टेनर को रूकवा कर तलाशी ली तो उसके चालक के सीट के उपर बने हुए गुप्त कैबीन में तलाशी लेने पर उसमे विभिन्न ब्रांडो की अंग्रेजी शराब व बीयर के 52 कर्टन शराब जब्त की गई। चालक हेमाराम पुत्र तोगाराम जाट निवासी नितडिया पुलिस थाना चौहटन जिला बाडमेर को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई तो कन्टेनर में गत्ते भरे हुए बताये गये थे,लेकिन तलाशी में अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्रांडे बरामद हुई। पकडी गई केवल पंजाब में बिकने के लिए अधिकृत थी। पुलिस ने आरोपी व वाहन को आबकारी अधिनियम में प्रकरण पंजीकृत कर अपनी गिरफ्त में ली है।

धमका कर नकदी मांगने का मामला

उदयपुर,(कासं)। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ शादीशुदा होने के बावजूद शादी कर पीडित को छोड़ने के एवज में नकदी व हिस्सेदारी मांगने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रोहित पुत्र पुष्कर माली निवासी माली कॉलोनी टेकरी ने आरोपी टीना माली पुत्री सत्यनारायण माली निवासी खेड़ा खुटा माता संजय कॉलोनी भीलवाड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी दलाल हेमराज माली को दो लाख रूपये भुगतान करने के बाद 4 नवंबर 2022 को आरोपी शादी हई । कुछ दिनों तक साथ रहने के बाद चली गई वापस नहीं आई। इसको लेकर बातचीत करने पर आरोपी ने संपत्ति में हिस्सा तथा 10 लाख रूपये देने पर रिश्ता छोडने की बात कही। आरोपी पूर्व में शादी शुदा होकर तलाक शुदा है।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने लंकेश नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिसमें पीडिता ने बताया कि 6 सितंबर को आरोपी मुझे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। जहां मेरे साथ उसने दुष्कर्म किया। इसका विरोध करने पर आरोपी मुझे छोड़ भागा। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

120 करोड़ की स्वीकृति जारी

उदयपुर, (कासं)। आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर में पन्नाधाय राजकीय महिला चिकित्सालय के बहुप्रतीक्षित नवीन भवन के निर्माण की राह खुल गई है। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत 120 करोड़ की लागत से बनने वाले इस अस्पताल भवन के लिए जिला कलक्टर एवं डीएमएफटी मैनेजिंग कमेटी अध्यक्ष नमित मेहता ने बुधवार को 120 करोड़ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है। इसमें 50 प्रतिशत राशि डीएमएफटी मद से तथा शेष 50 प्रतिशत राशि उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही भवन निर्माण की राह आसान हो गई है तथा जल्द ही नवीन भवन निर्माण को लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू होगी।रविन्द्रनाथ टैगोर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय उदयपुर में संचालित पन्नाधाय राजकीय महिला चिकित्सालय भवन जर्जरहाल होने से लंबे समय से नवीन भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। राज्य सरकार ने जनहित से जुड़े इस कार्य को बजट घोषणा में शामिल किया है।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी 14 को उदयपुर आएंगी

उदयपुर, (कासं)। 14 सितम्बर को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी उदयपुर प्रवास पर रहेगी। वे राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं प्रज्ञा प्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय चिंतन में महिला विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करेगी। आयोजन सचिव डॉ. युवराज सिंह राठौड़ ने बताया कि संगोष्ठी के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक जे. नंद कुमार, समापन सत्र के पेसिफिक विवि समूह के अध्यक्ष प्रो. भगवती लाल शर्मा होंगे जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत करेंगे। विभिन्न तकनीकी सत्रों में प्रख्यात शिक्षाविद् एवं लेखक हनुमान सिंह राठौड, उच्च न्यायालय नई दिल्ली अधिवक्ता डॉ. मोनिका अरोड़ा, अतिरिक्त महाधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के डॉ. प्रवीण खण्डेलवाल सम्बोधित करेंगे। आयोजन सचिव प्रो. शिवानी स्वर्णकार ने बताया कि विभिन्न तकनीकी सत्रों में भारतीय चिंतन में महिला : ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, भारत में महिला : सांस्कृतिक संदर्भ, भारतीय महिला एवं समसामयिक चुनौतियॉ, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं मातृशक्ति, भारतीय चिकित्सा शास्त्र एवं मातृशक्ति, भारतीय न्याय संहिता एवं महिला, राजनीति एवं प्रशासन में महिला, महिला एवं मानवाधिकार : भारतीय दृष्टि, राजस्थान की प्रमुख मातृशक्ति, विभिन्न कालखण्डों में पाश्चात्य एवं भारतीय दृष्टिकोण में महिला चिंतन विषयों पर मंथन होगा।

मौताणे की मांग को लेकर आगजनी व तोड़फोड़ करने वाले आठ दबोचे

बांसवाड़ा, (निसं)। पाटन थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मौताणे की मांग करते हुए मकानों में आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं अन्य की तलाष जारी है।

थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि गत 8 सितम्बर को प्रार्थी गलिया पुत्र दिपा चरपोटा निवासी षोभावटी ने रिपोर्ट दी कि 7 सितम्बर को षाम लगभग सवा पांच बजे प्रार्थी अपने परिवारजनों के साथ घरेलु कार्य कर रहा था इतने में आरोपी हुकिया पुत्र इगरू चरपोटा निवासी चरपोटा षोभावटी 25 से 30 लोगों को लेकर हाथों में लट्ठ, पत्थर, कुल्हाड़ी एवं अन्य हथियार लेकर घर में अनाधिकृत प्रवेष करते हुए प्रार्थी व उसके परिजनों को गाली-गलौच करते हुए कहने लगे कि तुमने एक तो हमारा आदमी मार दिया और ऊपर से झूठे मुकदमें दर्ज करवा रहे हो। प्रार्थी ने कहा कि लक्ष्मण की मौत के बारे में कोई पता भी नहीं। इतना सुनते ही आरोपी आवेश में आये और प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे तो प्रार्थी जान बचाकर मकान के अंदर चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर दिया जिस पर आरोपियों ने दरवाजे को तोड़ दिया और अंदर परिजनों के साथ गली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। जब परिवार की महिलाएं छुड़ाने के लिये आयी तो आरोपियों ने उनके साथ छेड़खानी की और उनके ब्लाउज, लहंगे फाड़ दिये और दुष्कर्म की कोशिश की और मकान में तोड़फोड़ की वहीं मकान के बाहर पड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ की और दस लाख रूपये की मांग की लेकिन वे दस लाख रूपये देने की मांग पर अड़े रहे और प्रार्थी और वालजी पुत्र मांगिया चरपोटा के मकान में आग लगा दी।

बाद में ये लोग धमकी देकर गये कि दो दिन में दस लाख रूपये की व्यवस्था कर लेना नहीं तो जान से मार देंगे। मौताणे जैसे गंभीर मामले को जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोषी ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देष दिये। एएसपी डॉ. राजेष भारद्वाज, पुलिस उप अधीक्षक कुशलगढ़ मदनलाल विश्नोई के निर्देशन में थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी जिसमें फोटों एवं वीडियोग्राफी के साथ ही एफएसएल टीम ने साक्ष्य संकलित किये वहीं प्रार्थी गलिया एवं गवाहों के बयान लिये।

पुलिस ने हुकिया पुत्र इगरू चरपोटा सहित 8 जनों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में कुषलगढ़ वृताधिकारी मदनलाल विष्नोई, पाटन पुलिस निरीक्षक प्रवीण सिंह, कुषलगढ़ उपनिरीक्षक कालुलाल, कसारवाड़ी उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक जीतमल मसार, सहायक उपनिरीक्षक शंकरलाल, पाटन थाने के हैड कांस्टेबल हितेष पाटीदार, महावीर प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, चालक कांस्टेबल महेषचन्द्र, कांस्टेबल भंवरलाल, गजेन्द्र, गोपाल, रामचन्द्र, सुखराम व जयपाल शामिल रहे।

पुलिस ने मौताणे की मांग को लेकर आगजनी व तोड़फोड़ करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आत्मिका बनी लेफ्टिनेंट

उदयपुर, (कासं)। मेवाड़ की बेटी अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ आत्मिका गुप्ता ने आत्मिका एक बेहतर निशानेबाज़ ही नहीं बनी वरन् सही मायने में बेहतर व्यक्तित्व के रूप में उभर कर भारतीय सेना में सीडीएस और एसएसबी देकर कड़ी ट्रेनिंग कर लेफ्टिनेंट बन कर हज़ारों युवाओं के लिए प्रेरणा बनी है।

11 माह के कड़े प्रशिक्षण के बाद ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। पासिंग आउट परेड की समीक्षा मुख्य अतिथि एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने की। पासिंग आउट परेड के दौरान दो चेतक हेलीकॉप्टर द्वारा सभी नवीन सैन्य अधिकारियों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। एक दिन पूर्व आयोजित अन्य कार्यक्रम में सभी अभिभावकों को भी गौरव पदक से सम्मानित किया गया। इस परेड के दौरान कुल 130 पुरुष, 25 महिलाएँ एवं मित्र देशों के 21 कैडेट ऑफिसर बन कर पास आउट हुए। पासिंग आउट परेड के पश्चात हुए पिपिंग समारोह के उपरांत सभी नव नियुक्त सैन्य अधिकारियों का जोश चरम पर था।

कार चोरी

उदयपुर,(कासं)। हाथीपोल थाना पुलिस ने चोर के खिलाफ एमबी चिकित्सालय परिसर से पीडित की कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित देवप्रतापसिंह पुत्र गणपतसिंह राठौड़ निवासी विनायक विहार नला फला देबारी प्रतापनगर ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

नाम परिवर्तन

मैं अभीलाषा धर्म चंद जैन W/O निलेश सुर्या निवासी मीरा नगर जलचक्कीतह.वजिला राजसमंद अपना नाम बदलकर अभीलाषा सुर्या रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर,
महाराणा प्रताप कृषि एंव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
Office: +91-0294-2471914, 29466679(O), Email: deanchsc@yahoo.co.in

क्रमांक/सीसीएएस/लेखा/2025/840 दिनांक: 10.09.2025

ई-निविदा सूचना- 01 (2025-26)

सामुदायिक एंव व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय, मप्रकृप्रौविवि, उदयपुर **मे महाविद्यालय के विभाग एंव छात्रावास मे कार्य के लिए अस्थाई कार्मिक की सेवाएँ प्रदान करने हेतु** पंजीकृत संवेदक/निविदादाता से 2025-26 के लिए निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। समस्त शर्ते एवं विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रारूप वेबसाइट www.mpuat.ac.in, www.ccasmpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

क्रम स.	कार्य विवरण	UBN No.
1.	महाविद्यालय के विभाग एंव छात्रावास मे कार्य के लिए अस्थाई कार्मिक की सेवाएँ	ATU2526SLRC00180

अधिष्ठाता
सामुदायिक एंव व्यवहारिक महाविद्यालय, उदयपुर, राज.

'अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कें 15 अक्टूबर तक सुधरेंगी'

कलक्ट्रेट में संवाद में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी।

उदयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के सुशासन के संकल्प को साकार करने के लिए जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के बीच समन्वय अति आवश्यक है। कई बार आमजन से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती और छोटी-सी समस्या भी बड़ी बन जाती है। इसलिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच नियमित संवाद जरूरी है। संवाद से समस्याओं के समाधान का रास्ता खुलता है।

भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने बुधवार को जिला कलक्टर नमित मेहता सहित प्रमुख विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित संवाद के दौरान ये बात कही। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, भाजपा जिला महामंत्री पारस सिंघवी और सभी 12 मंडलों के अध्यक्ष भी इस दौरान उपस्थित रहे। लगभग दो घंटे तक चले संवाद में अतिवृष्टी से क्षतिग्रस्त सड़कें, जल भराव, अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, अघोषित विद्युत कटौती, सार्वजनिक सुविधाओं के विकास सहित आमजन से जुड़ी अन्य समस्याएं खुलकर अधिकारियों के सामने रखी।

गीतांजली में क्विज 2025 का आयोजन, 25 टीमों ने लिया भाग

उदयपुर, (कासं)। इंटरस्टेट 6वीं अंडरग्रेजुएट क्विज 2025, का आयोजन गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर द्वारा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा इंटरस्टेट 6वीं अंडरग्रेजुएट क्विज 2025 का आयोजन हुआ। क्विज का विषय 'स्वस्थ शुरुआत, स्वस्थ भविष्य' रहा। इसमें पूरे भारत से 25 टीमों ने भाग लिया।

महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की टीमें इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनीं। शीर्ष तीन स्थान अनंता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, राजसमंद, जीएमसीएच उदयपुर और आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर ने प्राप्त किए। विभागाध्यक्ष डॉ. मुकुल दीक्षित ने साझा किया कि क्विज राजस्थान के मेडिकल अंडरग्रेजुएट छात्रों के बीच लोकप्रिय हो चुकी है और वर्ष 2019 से लगातार छठी बार आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की शोभा बढाने के लिए अंकित अग्रवाल (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, गीतांजली ग्रुप), डॉ. आर. के. व्यास (कुलपति, गीतांजली यूनिवर्सिटी), डॉ. संगीता गुप्ता (डीन, जीएमसीएच), ऋषि कपूर (सीईओ, जीएमसीएच) और डॉ. मनिंदर कौर (अतिरिक्त प्राचार्य) उपस्थित रहे।

संचालन क्विज मास्टर के रूप में डॉ. मेधा माथुर और डॉ. अंजना वर्मा ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. संजय मांडोट (जीएमसीएच, उदयपुर), डॉ. दिलीप कुमार एल. (पीआईएमएस, उदयपुर) और डॉ. योगेश सिंगल (पीआईएमएस, उदयपुर) सम्मिलित रहे। इस क्विज के सफल आयोजन में डॉ. हेमलता मित्तल, डॉ ज्योति जैन, डॉ. भगराज चौधरी, डॉ. मनीष मित्तल डॉ. डी. आर. बेनीवाल, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सुरेश चौधरी, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. अंशिका जैन, डॉ. चिन्मय, डॉ. अनुराधा, डॉ. पूर्णिमा, डॉ. विचित्र, डॉ. मनीष, डॉ. हरलीन, डॉ. सोनम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. दिलशानो ने किया।

अन्य कॉलेजों के फैकल्टी सदस्य भी इस आयोजन में शामिल हुए। विजेताओं को नकद पुरस्कार, पुस्तकें और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

गीतांजली में क्विज 2025 का आयोजन हुआ।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः उविप्र/नियमन रिकॉर्ड/2025/2639 **आम सूचना** दिनांकः- 10/9/2025

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान/वसीयत/हक त्याग/विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	भुखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गफीट)	राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या	आवेदक का नाम/ पिता का नाम	मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार
1.	11 (MUT No. 4172)	3040	देवाली खसरा नं. 2650, 2651	श्रीमती अरवा मुर्तजा शाह पुत्री स्व. श्री आबिद अली जमाली पत्नी श्री मुर्तजा शाह निवासी: 58, हितावाला की बाड़ी, खारोल कॉलोनी, उदयपुर (राज.)	श्री आबिद अली जमाली पिता श्री कायुम अली जमाली का स्वर्गवास दिनांक 22-04-2020 को होने पर उनके वारिसानों द्वारा किए गए पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 29-07-2025 के आधार पर नामांतरण चाहा गया है ।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदकों के नाम पर जारी दिया जावेगा।

डॉ. अभिनव शर्मा, तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 451-52 दिनांक:10/09/2025

लोक-सूचना

श्री बंशीलाल माली पिता श्री राम लाल माली निवासी रेलमगरा रोड़ विटलनाथ जी का वास एमडी इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	एमड़ी	1864/819	रकबा 0.0316 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 10/09/25को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 447-48 दिनांक:10/09/2025

लोक-सूचना

श्रीमति इति मादरेचा पत्नी श्री संजय कुमार मादरेचा निवासी अरिहन्त विहार 100 फीट रोड कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	राजनगर	1713/228	रकबा 0.0324 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 10/09/25को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

कचरा यार्ड के कारण आसपास रहने वाले लोगों का जीना दुश्वार

बलीचा में कचरा यार्ड के आसपास पड़ी गंदगी।

उदयपुर, (कासं)। शहर में स्थानीय निवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित होते जा रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारी एवं नगर विकास न्यास तथा उदयपुर विकास प्राधिकरण के आला अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने से पीछे हट रहे हैं। जिसका ज्वलंत उदाहरण उदयपुर नगर से सटे हुए बलीचा क्षेत्र में देखने को मिल रहा है जहां पर कचरा याद बना हुआ है लेकिन यहां स्वच्छ भारत मिशन शहर के मापदंड और नियमों की खुलेआम धज्जियां उडाई जा रही हैं।

उदयपुर बलिचा कचरा यार्ड के आस- पास दक्षिण विस्तार योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के लगभग 4 हजार लोगों का जीवन बना नरक बन चुका है। आमजन प्रदुषण से बीमार पड रहा है वही गायें गंदगी खाकर मर रही है तथा धरती में जहरीला पानी जाकर धरती के जल को कर रहा है प्रदुषित, स्वच्छ भारत मिशन की सरेआम उड रही है धज्जियां और प्रशासन खामोश है (आवासीय कॉलोनी पंडित दीन दयाल नगर तथा भारतीय प्रबंध संस्थान परिसर में रहने वाले परिवार व 500 छात्रों का जीवन दुभर हो गया है। इस संदर्भ में लोगों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखते हुए अपनी पीडा व्यक्त की गई है। पत्र में लिखा है कि 5 वर्षो से रह रहे पंडित दीन दयाल नगर व दक्षिण विस्तार योजना बलीचा के नजदीक स्थित डपिंग यार्ड में शहर का कचरा डाला जाता है।

टाऊन स्कूल की जर्जर दीवार दे रही हादसे को न्यौता

टाऊन स्कूल की क्षतिग्रस्त दीवार।

डूंगरपुर, (निसं)। जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन के साथ साथ शिक्षा विभाग के कई आलाधिकारियों की पद स्थापन है, लेकिन इसके बावजूद हाल ही में हुई अतिवृष्टि के बाद राज्य सरकार द्वारा जर्जर विद्यालयों के निरीक्षण व उनकी रख-रखाव को लेकर कडे कदम उठाने के निर्देश दिये थे,लेकिन इसके बावजूद जिला मुख्यालय पर एक विद्यालय की जर्जर दिवार इस कदर क्षतिग्रस्त हो गई है कि वह आने जाने वाले स्कूली छात्राओं के साथ साथ राहगिर के लिए भी खतरा बनी हुई है,लेकिन उस दिवार को क्षतिग्रस्त हुए पांच दिन हो गये, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों की अभी तक नींद नहीं खुली है। शायद वे किसी हादसे का इंतजार कर रहे है। ब्रहस्थली कॉलोनी में स्थित टाऊन स्कूल के नये बस स्टेण्ड जाने वाले मार्ग पर उसकी एक दिवार क्षतिग्रस्त होकर धराशाही हो गई।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph.02953-233526

क्रमांक:न.पा.नाथ/भूमि/25/9229 दिनांक : 16.7.2025

-:आपत्तीय सूचना:-

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारास्वायत्त शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजो के आधार पर अग्रांकित भूखण्ड/भवन का नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए नामान्तरण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति का विवरण	पडोस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती भावना देवी पत्नी श्री राजेश जैन निवासी सिघंवी जी की हवेली के पीछे, नाथद्वारा जिला -राजसमन्द	विनायक विहार कॉलोनी,पावटी रोड श्रीनाथ कॉलोनी, बंगला सं.-34 क्षैत्रफल 86.66 वर्गगज	आम रास्ता 40 फिट	गली 3 फिट उसके आगे अन्य भूमि	बंगला संख्या 35	गली 3 फिट उसके आगे बंगला संख्या 33

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/1274 **आम सूचना** दिनांक : 20/8/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री दिनेश गोपालिया पिता श्री भगवानदास गोपालिया	श्याम नगर भुवाणा आवासीय योजना	ब्लॉक-बी	224	3486.25 वर्गफीट	श्याम नगर योजना भुवाणा में निरंकारी भवन के सामने स्थित 80 फीट सड़क पर रत्नम होटल के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

स्मार्ट मीटर योजना का विरोध

■ शास्त्री कॉलोनी में लोगों ने लगाने से किया इन्कार, टीम खाली हाथ लौटी

डूंगरपुर, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम की ओर से स्मार्ट मीटर योजना का डूंगरपुर जिले में भी विरोध शुरू हो गया है। शहर की शास्त्री कॉलोनी में जब ठेका कम्पनी की टीम स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया है। जब ठेका कंपनी की टीम के समझाने के बावजूद लोगों ने मीटर लगवाने से इन्कार कर दिया। विरोध के चलते टीम को बिना मीटर लगाए ही लौटना पडा।

केंद्र सरकार की पुनर्विकसित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत डूंगरपुर जिले में बिजली निगम की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य चल रहा है। बुधवार को मीटर लगाने वाली ठेका कंपनी की टीम शहर की शास्त्री कॉलोनी में नए मीटर लगाने के लिए पहुंच गई। इस दौरान कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने टीम का भारी विरोध किया। उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगवाने से इन्कार कर दिया। लोगों ने कहा कि जब सरकार ने ही साफ कह दिया कि उपभोक्ता की मर्जी के बिना स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे। फिर उसके बाद ठेका कंपनी जबरदस्ती स्मार्ट मीटर क्यों लगा रही है। लोगों ने कहा कि स्मार्ट मीटर सबसे पहले नेता,विधायक, सांसद, मंत्री और सरकारी विभागों के कार्यालयों में लगे। उसके बाद आम उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जाएं। ठेका कंपनी के टीम ने उपभोक्ताओं को समझाने की भी कोशिश की, लेकिन लोगों ने मीटर लगवाने से इन्कार कर दिया। विरोध के चलते टीम को बिना मीटर लगाए ही लौट